# भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001

**फ़ाइल् क्रमांक. प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2021/30** **दिनांक 30.10.2021**

**प्रेस नोट**

**भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, इंदौर द्वारा विशेष स्वछता अभियान के अंतर्गत श्रीराम कान्वेंट स्कूल, मूसाखेड़ी इंदौर में दिनांक 30 अक्टूबर 2021 को स्वछता जागरूकता कार्यक्रम की प्रेस नोट**

**<u>प्रेस नोट</u>**

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा महात्मा गाँधी की 152वीं वर्षगांठ पर भारत के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 30 अक्टूबर 2021 को श्रीराम कान्वेंट स्कूल, मूसाखेडी, जिला इंदौर के स्कूली छात्रों में स्वच्छता जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया| इस कार्यक्रम में विशेष रूप से गठित समिति के सदस्यों द्वारा इस अवसर पर स्कूली छात्रों एवं शिक्षकों स्वच्छता और स्वास्थ्य लाभ पर जानकारी देकर दैनिक जीवन यापन में स्वच्छता को अपनाते हुए अपना जीवन सुख और समृद्धि से कैसे संभव किया जाता है इस पर प्रकाश डाला|

इस अवसर पर संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी फसल उत्पादन डॉ. बी यू दुपारे द्वारा नौ निहाल नन्हें मुन्ने बच्चों को स्वच्छता के साथ अपने घर, पाठशाला और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखते हुए कैसे पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सकता है इस बात की जानकारी से अवगत किया| साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रमों के लाभ और उनका वर्तमान समय में प्रभाव और शहर और ग्रामीण समाज में स्वच्छता से किस प्रकारसे नई नई संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा रहा है, इस बात पर प्रकाश डाला| उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूल ही किसी भी अभियान को सफल बनाने का उपयुक्त माध्यम साबित हो सकते हैं| इस अवसर पर डॉ. राजकुमार रामटेके, प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष विशेष स्वच्छता अभियान समिति द्वारा छात्रों को अपने उद्बोधन में बताया कि शिक्षा के साथ साथ स्वच्छता को अपनाकर बच्चे अपने जीवन को सफलता की ओर अग्रसर कर सकते है तथा स्वच्छता से स्वास्थ्य और बौद्धिक स्थिति का विकास संभव हो जाता है| छात्रों को स्कूल और अपने घर में शुद्ध पर्यावरण के लिए साफ़-सफाई का विशेष ध्यान रखना आज के समय में बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि वर्तमान में कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों का हमें सामना करना पड़ रहा है जिसका निराकरण शुद्ध पर्यावरण से ही संभव है| कार्यक्रम में श्रीराम स्कूल के संचालक श्री प्रमोद रघुवंशी एवं प्राचार्या श्रीमती आरती रघुवंशी एवं शिक्षकगणों के साथ समिति के सदस्य श्री राकेश कुमार शाक्य एवं सुश्री सीमा चौहान उपस्थित रहे| कार्यक्रम का स्वागत भाषण एवं संचालन श्री श्याम किशोर वर्मा ने किया, इस अवसर पर उन्होंने अपने द्वारा रचित कविता स्वच्छता और समृद्धि का वाचन भी किया| धन्यवाद ज्ञापन स्कूल प्राचार्य श्रीमती आरती रघुवंशी ने दिया|


विशेष स्वच्छता अभियान

विशेष स्वच्छता अभियान